मैं जोगन बन के नाचू गी तू देदे भोले साथ मेरा

की लेना दुनिया से भोले धर दे सिर पे हाथ तेरा
मैं जोगन बन के नाचू गी तू देदे भोले साथ मेरा

माँ बापू का बचपन में ही उठ गया था साया
जिस का थामा हाथ भोले उसे नही था ठुकराया,
बैठ गई मैं खा के धोखा फेर लगाया ध्यान तेरा
मैं जोगन बन के नाचू गी तू देदे भोले साथ मेरा

कोई न मेरा दुनिया में बस एक तेरा ही सहारा
तेरी जोगन हो गई भोले कर दे पार किनारा
घनी सता ली दुनिया ने भोले टूट गया विस्वाश मेरा
मैं जोगन बन के नाचू गी तू देदे भोले साथ मेरा

तेरी शरण में आ गई भोले आगे तेरी मर्जी
सचा से तेरा प्यार यो भोले सारी दुनिया फर्जी
संसार सारा न्यारा हो गया भोले आज के बाद तेरा
मैं जोगन बन के नाचू गी तू देदे भोले साथ मेरा

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22008/title/main-jogan-ban-ke-naachu-gi-tu-dede-bhole-sath-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |